**बिहार एग्रो इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन द्वारा हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के सहयोग से ट्रैक्टरों का निर्माण**

1670. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के सहयोग से बिहार एग्रो-इन्डस्ट्रीज कारपोरेशन को बिहार में ट्रैक्टर बनाने का कारखाना स्थापित करने की अनुमति दे दी है ;

(ख) क्या प्रस्तावित कारखाने के लिए स्थल का चुनाव हो चुका है ; और

(ग) यदि हां, तो कहां और उसके निर्माण का कार्य कब से आरम्भ होने की आशा है ?

**भारी उद्योग मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री दलबीर सिंह) :** (क) जी हां ।

(ख) और (ग). कारखाना फत्तवा में स्थापित करने का विचार है । फत्तवा में भूमि के शीघ्र ही अधिकार में लिए जाने की आशा है और इसके पश्चात निर्माण कार्य आरम्भ हो जाएगी ?

**मोकामा स्थित ब्रिटानिया इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड का बन्द होना और श्रमिकों को देय बकाया राशि**

1671. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या **श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पटना जिले में मोकामा स्थित ब्रिटानिया इंजीनियरिंग कम्पनी लिमिटेड 26 मार्च, 1973 से बन्द है ;

(ख) यदि हां, तो क्या कंपनी के पास मजदूरों के दिसम्बर, 1972 से मार्च, 1973 तक के वेतन बकाया हैं ;

(ग) क्या कम्पनी के पास सन् 1971-72 और 1972-73 के मजदूरों के बोनस भी बकाया हैं ;

(घ) क्या कम्पनी के पास उपदान (ग्रेच्यूटी) आदि की राशि भी बकाया है ; और

(ङ) यदि हां, तो मजदूरों की कुल कितनी राशि कंपनी के पास बकाया है और सरकार ने इसके भुगतान के लिए क्या कार्यवाही की है या करने का विचार है ?

**श्रम मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बालगोविन्द वर्मा) :** (क) से (ङ) . मामला अनिवार्य रूप से राज्य के कार्य-क्षेत्र में आता है ।

**औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में संशोधन**

1672. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या **श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 में संशोधन करने पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां, तो संशोधन करने वाला विधेयक पेश किए जाने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

**श्रम मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बालगोविन्द वर्मा) :** (क) जी हां ।

(ख) सरकार द्वारा संशोधन सम्बन्धी विधेयक के ब्यौरे तैयार किए जा रहे हैं ।